(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में स्थापित किए गए ऐसे उद्योगों की संख्या कितनी है और इसके साथ ही उन जगहों के नाम क्या हैं, जहां ये स्थापित किए गए हैं ; और

(ग) इन उद्योगों में लगी पूरी पूंजी कितनी है और कितने लोगों को इनमें रोजगार दिया गया है ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) विगत तीन वर्ष के दौरान पंजाब में केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र का कोई नया उद्यम स्थापित नहीं किया गया है।

(ग) 31-3-1989 तक पंजाब में केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में सकल परिसम्पत्ति के रूप में कुल पूंजीनिवेश 802.35 करोड़ रु. का था तथा उक्त तारीख तक कर्मचारियों की कुल संख्या 0.23 लाख थी ।

Winding up of MRTP Commission

1523. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the M. R. T. P. Commission has since been rendered non-existent by Government by not appointing new incumbents against vacant posts due to the retirement of two of its three members and premature death of one member;

(b) whether Government are contemplating to wind up the said Commission; and

(c) if so what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI AJIT SINGH): (a) No, Sir. Action is under way to fill up the vacant posts.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

टिहरी बांध से प्रभावित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था

1524. **श्री राम जेठमलानी** :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने टिहरी बांध के निर्माण के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय ले लिया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण के कारण कितने परिवार बेघर तथा बेरोजगार हो जाने की सम्भावना है ;

(ग) क्या सरकार ने उनके पुनर्वास और पुन: रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था की है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) सरकार ने नवम्बर, 1986 में टिहरी जल विद्युत परियोजना काम्प्लैक्स (2400 मेगावाट), जिसमें टिहरी बांध परियोजना शामिल है, को भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के एक संयुक्त उद्यम के रूप में कार्यान्वित किए जाने और इसके लिए सोवियत तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्राप्त किए जाने का निर्णय किया गया था । इस निर्णय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है ।

(ख) से (घ) टिहरी बांध के निर्माण के फलस्वरूप 3500 शहरी परिवार तथा 9800 ग्रामीण परिवार प्रभावित होंगे जिनमें से 5550 ग्रामीण परिवार केवल आंशिक रूप से प्रभावित होंगे । प्रथम चरण में, 1924 पूर्ण रूप से प्रभावित परिवारों में से 1880 का पहले ही पुनर्वास किया जा चुका है ।